डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 12 जून, सोमवार, 2023



आज से कर्नाटक में हर महिला के लिए बस यात्रा निशुल्क - एक और गारंटी हुई पूरी !
महिलाओं का सशक्तिकरण और आर्थिक बचत - हमारी ज़िम्मेदारी, उनका अधिकार, पूरा करेगी कांग्रेस सरकार।



कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आज अपनी एक और गारंटी पूरी करते हुए हर माहिला के लिए बस यात्रा निःशुल्क कर दी।
इस योजना के जरिए भाजपा-निर्मित कमरतोड़ महंगाई से राहत मिलने के साथ-साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती भी मिलेगी। कांग्रेस आम जनता के कल्याण और गरीब का हाथ मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।
-श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा




# कांग्रेस ने आयोजित किया दलित संवाद

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

पटना. बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवं रिसर्च विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान सभागार में वृहद स्तर पर दलित संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

दलित संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, एस सी एस टी विभाग, पिछड़ा वर्ग विभाग एवं अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक के राजू ने कहा कि दलितों के हित में विचारों और हक की लड़ाई कांग्रेस लगातार लड़ती रही है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने इस देश में दलितों के उत्थान के लिए लगातार काम किया है और अब भी उस वैचारिक लड़ाई को लड़ने में अपनी पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें दलितों की हमेशा चिंता रहती है। हमारे नेता को इससे मतलब नहीं है कि दलित समाज किस दल का मतदाता है उन्हें केवल उनके हक की चिंता होती है जिसपर उन्होंने कर्नाटक की एक घटना का जिक्र किया। देश के उत्थान में उन्होंने दलितों के योगदान का भी जिक्र किया। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से आगे बढ़कर देशहित में काम करने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस संगठन में इस वर्ग को सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व दी गयी है और आगे भी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने जिक्र किया कि कांग्रेस ने दलित उत्थान के कितने लोक कल्याणकारी योजनाओं को उन्होंने संचालित किया और कैसे अपने दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी दलित समुदाय के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को जिम्मेदारी सौंपी।

बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा कि कांग्रेस को जब जब मौका मिला है तब तब उसने देश में दलितों की स्थिति को सुधारा है और साथ ही अपने संगठन में भी उचित प्रतिनिधित्व देने का काम किया है।

आपमे अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा की नीतियों के खिलाफ लड़ने को हमें एकजुट होना पड़ेगा। दलितों के साथ कांग्रेस ने हमेशा साथ निभाया है और संगठन ने जब-जब दलितों पर अत्याचार किया है तब-तब हमने प्रदेश से नेताओं की टीम बनाकर भेजने का काम किया है। उन्होंने दलित संवाद के आयोजकों के धन्यवाद करते हुए कहा कि बिहार में सरकार के सहयोगी होने के नाते हमलोग प्रतिबद्ध हैं कि दलितों के स्थिति को मजबूत बनाना है। विधानसभा में कांग्रेस दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि दलितों को अवसर प्रदान करने की जरूरत बै इसके बाद समानता स्वतः आने लगेगी।

**☆ दलितों के हित में विचारों और हक की लड़ाई लड़ती रही है कांग्रेस : के राजू**

**☆ भाजपा ने दलितों और आदिवासियों को छलने का काम किया है: के राजू**

**☆ दलितों के उत्थान के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध, दलित संवाद में बोले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**

**☆ दलित समाज के युवाओं को आगे बढ़कर लेनी होगी जिम्मेदारी: बिहार कांग्रेस प्रभारी भक्तचरण दास**



बिहार सरकार के मंत्री मुरारी गौतम ने कहा कि भाजपा ने दलित राष्ट्रपति और आदिवासी राष्ट्रपति के आड़ में देश के मूल संविधान को बदलने का काम किया है इसके लिए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयायी उन्हें माफ नहीं करेंगे।

रिसर्च विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव हर्षवर्धन श्याम ने कहा कि इस देश के निर्माण में गरीबों, दलितों और पिछड़ों का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए उनके हक की लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है और कांग्रेस उसके लिए प्रतिबद्ध है। दलितों के दर्द और उत्पीड़न को समझने की जरूरत है और इसके लिए दलित वर्ग के युवाओं को आगे आने की जरूरत है। शैक्षणिक संस्थानों में दलित युवाओं की हकमारी पर भी उन्होंने विचार रखें।

बिहार कांग्रेस रिसर्च विभाग के चेयरमैन व प्रवक्ता और कार्यक्रम के संयोजक आनन्द माधव ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस बैठक में दलितों के साथ एवं उनके लिये काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी संस्थायें, शिक्षक, छात्र नेता, राजनीतिक नेतागण एवं दलित लाभार्थी के द्वारा उचित सुझाव दिए गए जिसको निश्चित तौर पर हमारे नेता नीति निर्माण में इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य दलितों के मूल समस्याओं से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को द्विपक्षीय संवाद के माध्यम से अवगत कराना था जिसमें इस कार्यक्रम को शीर्ष नेतृत्व ने इसे गांवों तक ले जाने की बात कही है।

सिविल सोसायटी के सदस्यों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रबुद्धजनों ने भी संवाद में हिस्सा लेकर अपने सुझाव दिए जिनका अभिनंदन नेताओं द्वारा मंच पर किया गया।

कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ मधुबाला ने किया।

कार्यक्रम में बिहार के प्रभारी भक्तचरण दास, एआईसीसी एस सी एस टी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन राजेश लिलोटिया, बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, रिसर्च विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव हर्षवर्धन श्याम, विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्र, डॉ समीर कुमार सिंह, मुख्य सचेतक व एससी एसटी विभाग के प्रदेश चेयरमैन राजेश राम, विधायक मुन्ना तिवारी, विजेंदर चौधरी, आनंद शंकर सिंह, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व मंत्री वीणा शाही, पूर्व विधायक डॉ अशोक राम, बंटी चौधरी, लालबाबू लाल, विजेंद्र यादव, पूनम पासवान, ब्रजेश पांडेय, ब्रजेश मुनन, निर्मल वर्मा, अशोक गगन, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, सौरभ सिन्हा, चुन्नू सिंह, सुमित सन्नी सहित सिविल सोसायटी के लोग एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहें।

आनंद माधव
प्रवक्ता
बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी




# भारत पर कर्ज का बोझ 155 लाख करोड़, मोदी सरकार प्रतिवर्ष 11 लाख करोड़ सूद दे रही है- कांग्रेस

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार के आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा की आज देश 155 लाख करोड़ के कर्ज के बोझ से दबा हुआ है, जिसके एवज में प्रतिवर्ष केवल 11 लाख करोड़ रूपए सूद देने का काम भारत सरकार कर रही है, जिस राशि में कई बड़े, बड़े संस्थान सहित विकास के कार्य हो सकते है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा गगन मिश्रा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, एन एस यू आई के मो समद, कांग्रेस सेवादल के टिंकू गिरी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, कुंदन कुमार, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, आदि ने कहा की श्री नरेंद्र मोदी जी देश के 15 वें प्रधानमंत्री जिन्होंने अपने पहले के सभी 14 प्रधानमंत्रियों का कर्ज लेने के रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए आजादी के बाद 67 साल में जहां 14 प्रधानमंत्रियों ने मिलकर केवल 55 लाख करोड़ का कर्ज लिया , वहीं मोदी जी ने 09 साल में इस तिगुना करके 155 लाख करोड़ पहुंचा दिया।

नेताओ ने कहा की भारत का कर्ज और जी डी पी का अनुपात 84 फीसदी से ज्यादा है, जबकि दूसरे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का यह अनुपात 64 फीसदी है। सी ए जी के रिपोर्ट के अनुशार 201920 में ही ऋण स्थिरता नकारात्मक हो गई थी , तब कर्ज और जी डी पी का अनुपात 52 फीसदी था , जो की अब 84 फीसदी के भयावह स्थिति पर पहुंच गई है।

नेताओ ने कहा की मोदी सरकार देश की आर्थिक स्थिति को रसातल में पहुंचाने का काम किया, क्योंकि इसने केवल 09 वर्ष में 100 लाख करोड़ रुपया कर्ज लेने का काम किया।

नेताओ ने कहा की भाजपा, आर एस एस के लोग तथा अंधभक्त मोदी सरकार के 09 वर्षो के कार्यकाल पूरे होने पर संपूर्ण देश में महाजनसंपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार के उपलब्धियों का बखान कर रहे है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू




**सामाजिक न्याय के पुरोधा, वंचितों, दलितो व पिछडो की आवाज बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ!**

**-प्रभात कुमार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष, गोरौल प्रखंड कांग्रेस कमिटी , जिला वैशाली**




**कहलगाँव विधानसभा क्षेत्र के सनहौला प्रखंड में मो0 समीम साहब की लड़की के शादी में सरीक हुआ। साथ ही साथ सनहौला प्रखंड के कई पंचायतों में घूम कर अपने लोगों से मुलाकात कर हाल चाल जाना। हमारे साथ मौके पर कहलगाँव विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो0 साजिद हुसैन, सनहौला प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग कार्यकारी अध्यक्ष मो0 सरवर आलम, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रखंड सचिव मो0 सद्दाम, बिलास चौरसिया जी, भागलपुर विधानसभा युवा कांग्रेस सचिव मो0 दानिस नेजाम, मो0 मोनू उपस्थित थें।**

**आपका**
**मो0 शारीक खान 'नवाब', जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी भागलपुर**
**अ0सं0वि0 सह प्रदेश प्रतिनिधि, बिहार प्रदेश कांग्रेस वो पूर्व प्रदेश सचिव**
**बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस।**

# गांधी विद्या संस्थान और सर्व सेवा संघ की जमीन हड़पने के खिलाफ प्रतिरोध सम्मेलन

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

17 जून'23   समय 10 से 6 तक
स्थान - राजेंद्र भवन, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, (आईटीओ के पास) नई दिल्ली
साथियों,

केंद्र और कई राज्यों की भाजपा सरकारें गांधी विचार की संस्थाओं पर कब्जा करने, राष्ट्रीय स्मारकों एवं धरोहरों को नष्ट और विरूपित करने पर आमादा है।

आप जानते ही हैं कि जालियांवाला बाग और साबरमती आश्रम को प्रेरणा स्थल के स्वरूप को बदलकर पर्यटन स्थल बना रही है। ऐसी ही कोशिश बनारस में भी की जा रही है।

वाराणसी में राजघाट परिसर में स्थित गांधी विद्या संस्थान और सर्व सेवा संघ की जमीन हड़प लेने का प्रयास चल रहा है।

वाराणसी के कमिश्नर कौशलराज शर्मा के आदेश से अचानक 15 मई 2023 की शाम 4 बजे प्रशासनिक महकमा गांधी विद्या संस्थान के भवनों पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया और दिल्ली की संस्था इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र को सौंप दिया।

ज्ञात हो कि इससे पहले 2 दिसंबर 2020 को सर्व सेवा संघ की जमीन पर काशी कॉरिडोर के वर्कशॉप बनाने के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी, जो अभी के कमिश्नर हैं ,ने बलपूर्वक अवैध तरीके से कब्जा कर लिया था।

राजघाट परिसर के निकट खिडकिया घाट को नमो घाट बनाया गया है और काशी स्टेशन को मल्टीमॉडल स्टेशन बनाने की योजना है। इस उद्देश्य से बनारस कमिश्नर को जमीन चाहिए और उनकी नजर सर्व सेवा संघ पर आकर टिक गई है।

दरअसल जमीन के बहाने यह सरकार गांधीवादी केंद्रों को खत्म करना चाहती है।

इस बीच एक और शर्मनाक घटना हुई है। केंद्र सरकार के इशारे पर रेलवे से सर्व सेवा संघ द्वारा खरीदी गई जमीन को धोखाधड़ी और साजिश बताते हुए उप जिलाधिकारी सदर के यहां एक मुकदमा दायर किया गया है जिसमें सर्व सेवा संघ द्वारा तत्कालीन राष्ट्रपति के आदेश से 1960,1961 और 1970 में खरीदी गई जमीनों को अवैध बताया गया है ।

जबकि ऐतिहासिक तथ्य यह है कि राजघाट की यह जमीन बिनोवा भावे के आग्रह पर तत्कालीन रेलमंत्री माननीय लाल बहादुर शास्त्री ने सर्व सेवा संघ को देना तय किया था। इस मुकदमे का मतलब है कि आचार्य विनोबा भावे, लाल बहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण, संपूर्णानंद, जगजीवन राम जी ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से इस जमीन को हथिया लिया है।

सरकार और प्रशासन अपने निहित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपने राष्ट्रीय महापुरुषों को भी लांछित करने से बाज नहीं आ रही है।

लेकिन क्या हम सब मौन होकर सरकार की साजिशों को बैठकर देखते रहेंगे या सरकार की इन कोशिशों के खिलाफ आवाज उठाएंगे, प्रतिवाद करेंगे।

संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर अभी 4 और 5 जून 2023 को वाराणसी के राजघाट परिसर में एक प्रतिरोध सम्मेलन संपन्न हो चुका है।

इसी कड़ी में 17 जून 2023 को राजेंद्र भवन दिल्ली में भी प्रतिरोध सम्मेलन आयोजित है।

इस सम्मेलन में आप सादर आमंत्रित हैं।
निवेदक

जेपी विरासत बचाओ संघर्ष समिति
सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान, वर्धा
गांधी शांति प्रतिष्ठान, दिल्ली
राष्ट्रीय गांधी स्मारक निधि, दिल्ली
लोकतांत्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान
जेपी फाउंडेशन-8587917462 संत प्रकाश
सर्व सेवा संघ 7355708856 रामधीरज

# नेहरू-गाँधी परिवार ही क्यों ?








संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

आरएसएस से जुड़े लोग अक्सर एक तंज कसते हैं कि हर चीज
में नेहरू-गाँधी परिवार ही क्यों ?

ये सवाल मेरे मन भी आता है कि देश के लिये हर समय नेहरू-गाँधी परिवार ही क्यों ?

जब देश को आजादी के लड़ाई के समय एक कार्यालय की जरूरत पड़ी तो जवाहरलाल नेहरू जी ने ही अपना अनमोल आनंद भवन क्यों दिया ?

जबकि उस समय कई और भवन थे।

जब नेहरू जी के नीतियों पर अगर आपत्ति करना रहता तो फिरोज जी ही आगे बढ़कर क्यों आते थे जबकि कई नेता थे।

जब देश को युद्ध लड़ रहा था और गोली-बारूद खत्म हो गई तो इंदिरा जी ने ही देश के लिये अपना स्वर्ण आभूषण क्यों दिया जबकि उस समय कई लोग उनसे अधिक धनवान थे।

जब देश में कार लाना था तो संजय जी ने ही विदेश में मजदूरों की तरह जाकर काम क्यों किया जब की आज के समय में लोग सूट-बूट पहनकर घूमते रहते हैं। जब पंजाब को अपनी जान लगाकर भी आतंकवाद से मुक्त करना था तो इंदिरा जी ने ही जान क्यों दिया जबकि लोग तो कई महीनों तक कश्मीर को जलता छोड़ दीये हैं।

जब दक्षिण भारत को शांत करना था तो राजीव जी ने ही अपनी प्राण क्यों दी जबकि आज के समय स्रे देश को जलता छोड़
विदेश चले जाते हैं।

जब देश में देशी-विदेशी के नाम पर हल्ला मचाकर आरएसएस देश को जलाना चाहता था तो सोनिया जी ने ही क्यों अपने पद का त्याग किया जबकि लोग पद के लिये तो कुछ भी कर सकते हैं।

जब आज सांसदगण और नेता अउ कमरा और गाड़ी से बाहर नही निकलते तब राहुल जी ही क्यों किसानों , गरीबो, युवाओं, मजदूरों के लिये धुप और बारिश में लड़ रहे हैं जबकि अपने को गरीबो का मसीहा कहने वाले उनका हाल तक नहीं जानते।

बस कुछ यही सवाल मन में उठता है कि हर बार गाँधी परिवार ही क्यों।

गाँधी परिवार के लिये दो शब्द :-

₹भारतीय लोकतंत्र दुल्हन है तो गाँधी परिवार उसकी सुंदरता बढ़ाने वाली बिंदिया है₹

# राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट ने संगठन का मनाया दूसरा स्थापना दिवस - मधु सैनी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



दिनांक 11-6-2023 को राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट ने संगठन का दुसरा स्थापना दिवस धुमधाम से केक काट कर मनाया गया राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती मधु सैनी का माला महनाकर स्वागत किया गया।

संगठन ट्रस्ट के लाजपतराय आफिस शामली ।

राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती मधु सैनी ने बताया कि संगठन ट्रस्ट को दो साल हो गए हैं महिलाओं की समस्या का समाधान कराते हुए।

नारीशक्ति को अब बढ़ चढ़ कर आगे आना होगा। इस संगठन ट्रस्ट ने बहुत मामले परिवारवारिक वाले आपस में बैठाकर शान्ति पुर्ण तरिके से समाधान कराया है। राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट का उद्देश्य यह है कि महिला शांति पुर्ण अपने परिवार को चलाए

ओर संगठन ट्रस्ट का एक लड़कियों के लिए डिग्री कालिज का निर्माण किया जाएगा निशुल्क क्योंकि आज भी लड़किया पढ़ाई से बहुत वंचित हो रही है महंगाई के कारण ।

इस डिग्री कालिज में कम्प्यूटर,बयुटी पार्लॅर,सिलाई , कढ़ाई, का प्रशिक्षण ओर निशुल्क दिया जाएगा ।ओर महिलाओं के रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे । उषा गोस्वामी लखनऊ राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट की राष्ट्रीय महासचिव ने कहा की इस संगठन ट्रस्ट का एक दिन बहुत बढ़ा उभर कर सामने आएगा इस संगठन ट्रस्ट के द्वारा डिग्री कालिज, अन्य ओर भी महिलाओं के हित के लिए निशुल्क कार्य का शुभारंभ जल्द होगा। राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट भारत देश के कोने कोने में फ़ैल रहा है।

पति पत्नी के मामलों को लेकर परिवारो में जो कलह हो रही है यह सब बीना वजह की ही हो रही है समझ का अन्तर है और कुछ नहीं है छोटी छोटी बातों को मुद्दा बनाकर आपस में कलेश को बन्द करना होगा और अपने बच्चों के भविष्य पर ध्यान देना होगा। बागपत जनपद की राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष बनाई गई है सीमा कश्यप को टीम महिला पदाधिकारियों ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया और संगठन ट्रस्ट की 30 महिलाओं की टीम बनाने का निवेदन किया।

ऐसे ही भारत देश के हर राज्य में राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट टीम बना रही है। मधु सैनी राष्ट्रीय अध्यक्षा, संगीता पाल राष्ट्रीय महासचिव, संगीता वर्मा राष्ट्रीय सचिव,

रेखा सैनी राष्ट्रीय सचिव, अंजली बंसल राष्ट्रीय सचिव, पुजा कोशिश जिलाध्यक्ष,बेबी कश्यप, सीमा कश्यप, भावना सैनी, रेशमा, पुनम चौधरी, सविता गुप्ता, दीपा बंसल, सोनिया शमां,साएमा, सुमन शमां, ममता पांचाल, पुजा जाटव पानीपत जिलाध्यक्ष, बबली दिल्ली, सीमा सोनीपत, प्रिया शर्मा हरिद्वार,आदि मौजूद रहे।

## कन्हैया जी ने जो कहा है वह सत्य का है साथ में एक बिंदु और जोड़ने का चाहिए




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

वह यह है कि जब अपने देश में बोलने नहीं दिया जाएगा संसद से सदस्यता निरस्त कर दी जाएगी छोटी सी छोटी बात पर बड़े से बड़ा डरने दे कर जेल भेज दिया जाएगा बेघर कर दिया जाएगा , जमीन पर अपनी बात रखने नहीं दी जाएगी पुलिस आंदोलन को दमन करके दबाने का तोड़ने का कार्य करेगी सुप्रीम कोर्ट केंद्र के दबाव में काम करेगा ईटी केंद्र के दबाव में काम करेगा सीबीआई केंद्र के दवाब में काम करेगा और सिर्फ विपक्ष पर मनमानी करेगी जब सारी संस्थाएं केंद्र की तानाशाही के दवाब में कार्य करेगी तो देश की जनता को विपक्ष को न्याय कहां से मिलेगा अपनी आवाज उठाने के लिए हमें किसी भी प्लेटफार्म पर जाना पड़े देश की जनता की रक्षा के लिए देश की रक्षा के लिए अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अपने संवैधानिक लोकतंत्र के अधिकारों की रक्षा के लिए हम वो सब करेंगे जो हमारे देश के लिए सही होगा।

तानाशाह मोदी देश में तानाशाही आतंक मचा ना छोड़ दे हम अपनी बात को सहजता से कह सकें तो फिर हम आपकी बात को अन्यत्र कहीं नहीं कहेंगे नहीं तो हम अपनी बात को हर उस प्लेटफार्म पर कहेंगे जहां हम अपनी बात को कहने के लिए स्वतंत्र हो

## दलितों व शोषितों को मुख्यधारा में लाने हेतु कांग्रेस सदैव अग्रणी




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

दिनांक 11/06/23 को बेगूसराय जिला कांग्रेस विचार विभाग कमिटी द्वारा 'दलित संवाद' कार्यक्रम का आयोजन कैथ पंचायत के दमदमा गांव के बाबा चौहरमल स्थल पर अवधेश पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसका संचालन मिथिलेश पासवान ने किया।कार्यक्रम को सम्बोधन करते हुए प्रदेश डेलिगेट सच्चितानंद,प्रदेश डेलिगेट जय प्रकाश गुप्ता,स्थानीय सरपंच कमल किशोर पोद्दार,विचार विभाग के जिलाध्यक्ष रामपदारथ यादव,प्रभाँशु बिट्टू सहित कई वक्ताओं ने दलितों व शोषितों को मुख्यधारा में लाने हेतु बाबा साहेब अम्बेडकर की विद्वता,बाबू जगजीवन राम की कर्मठता के साथ पंडित नेहरू सहित सभी पूर्व कांग्रेसी प्रधानमन्त्री की दूरदर्शिता पर प्रकाश डाला।


पूर्व रेल मंत्री एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री
श्री लालू प्रसाद यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ. संजय कुमार मुख्य संगठक
बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल



**कटिहार कोढ़ा से 2 बार विधायक रहीं श्रीमती सुनीता देवी ने अपने समर्थकों के साथ आज सदाकत आश्रम में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।**

**इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ Dr Akhilesh Prasad Singh जी का सम्बोधन।**

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व विधायक सुनीता देवी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

पटना 11 जून,2023

कटिहार के कोढ़ा विधान सभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता देवी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा को छोड़ आज कांग्रेस में शामिल हुई। इसके लिए कांग्रेस मुख्यालय में मिलन समारोह आयोजित किया गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने श्रीमती सुनीता देवी एवं उनके समर्थकों को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवायी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव श्री तारिक अनवर एवं विधायक दल के नेता डा0 शकील अहमद खान भी मौजूद थे।

इस अवसर पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्रीमती सुनीता देवी के कांग्रेस में आने से कांग्रेस की दलितों के लिए की जाने वाली संघर्ष को धार मिलेगी। लोगों को बताने में आसानी होगी कि कांग्रेस ही सच्चा हमदर्द है।

भाजपा को छोड़ने की वजह बताते हुए श्रीमती सुनीता देवी ने कहा कि भाजपा में महिलाओं के साथ काफी भेदभाव अपनाया जाता है। नारा भले ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया जाता है लेकिन अंदर जाने पर पता चलता है कि किस हद तक नारी उत्पीड़न के मामले भाजपा में सामने आते रहते हैं। मैं घुटन





महसूस कर रही थी इसलिए भाजपा छोड़ कांग्रेस में वापसी कर रही हूँ।

इस मिलन समारोह का मंच संचालन सदस्यता प्रभारी ब्रजेश प्रसाद मुनन ने किया।

इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू लाल, सदस्यता प्रभारी ब्रजेश प्रसाद मुनन, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, कटिहार जिला अध्यक्ष सुनील यादव, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, जमाल अहमद भल्लू, राज किशोर सिंह, कैलाश पाल,रामायण प्रसाद यादव, कैसर कुमार सिंह, शशि रंजन, अजय सिंह, रवि गोल्डन, दुर्गा प्रसाद,कुंदन गुप्ता, वसी अख्तर, संतोष श्रीवास्तव, उमेश कुमार राम, राजनन्दन कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

राजेश राठौड़
चेयरमैन, मीडिया विभाग
बिहार कांग्रेस

**कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौरसिया श्री राजेश महतो जी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग एवं विधायक सतना श्री सुखलाल कुशवाहा जी ने श्री चौरसिया महतो जी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है हमारे बड़े भाई श्री राजेश महतो जी के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई**



कार्यालय-0755-2551512
फैक्स-0755-2577981

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी
(ओ.बी.सी. विभाग)
कार्यालय : इंदिरा भवन, शिवाजी नगर, भोपाल

सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा
विधायक - सतना
प्रदेश अध्यक्ष - ओ.बी.सी. विभाग

क्रमांक 51.
दिनांक 21.05.2023

प्रिय श्री राजेश महतो जी,

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी, की अनुशंसा पर आपको मध्यप्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है।

आशा है आप अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, एंव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमेन कैप्टन अजय सिंह यादव जी, की भावनानुसार पिछड़ा वर्ग विभाग के माध्यम से प्रदेश स्तर पर पार्टी संगठन की मजबूती हेतु सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करेंगे।

शुभकामनाओं सहित.

आपका
सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा
म.प्र. कांग्रेस कमेटी ओ.बी.सी. विभाग

प्रति,
श्री राजेश महतो जी,
पद - प्रदेश उपाध्यक्ष
पता- छतरपुर।
मो.न. 9425140727

प्रतिलिपि — 1. अध्यक्ष म.प्र. कांग्रेस कमेटी भोपाल।
2. नेता प्रतिपक्ष विधानसभा मध्यप्रदेश।

# ए सीबी की भूमिका सराहनीय डीजी को लिखा पत्र - ब्रजेंद्र

**संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण**




झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने झारखंड के डीजी पुलिस को पत्र लिखकर कहां है कि आए दिन पूरे राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला देखने को मिल रहा है एंटी करप्शन ब्यूरो बहुत मुस्तैदी से काम भी कर रही है खासकर प्रखंड स्तर पर राज्य के जनता को किसी भी काम के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आलम ऐसा है कि बगैर नजराना दिए जनता का कोई भी काम आसानी से नहीं हो पाता जनता के द्वारा हम लोगों को शिकायत मिलती है कि खासकर जगह जमीन से संबंधित मामले में सालों का चक्कर लगाने के बाद भी उनका जेनुइन काम नहीं हो पाता है जबकि उनका काम जायज होता है ऐसी स्थिति में कर्मचारी पदाधिकारियों के कहने से ही फाइल को महीनों लटकाए रहते हैं आज जरूरत है कि वैसे भ्रष्ट पदाधिकारियों पर भी एसीबी का शिकंजा कसा जाए और भ्रष्ट अफसरों को सलाखों के पीछे जाना चाहिए जो जनता को परेशान करते हैंतभी न्याय मिलेगी

# अगस्त 23 में किसान कांग्रेस सम्भल देश में कांग्रेस का जन आंदोलन शुरू करेगा

**संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण**

दोस्तो आज भले ही हमारी ( कांग्रेस ) लीडर शिप कोई भी निर्णय ले ले लेकिन लोकसभा चुनावों में किसान कांग्रेस सम्भल के अनुसार चलना होगा

दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल को देश की आम जनता ही समझना जैसा कि किसान कांग्रेस सम्भल आप सभी को अपने सन्देशों में जानकारी देता आ रहा है कि अगस्त 23 में किसान कांग्रेस सम्भल देश में कांग्रेस का जन आंदोलन शुरू करेगा हम अपने कांग्रेस के साथियों को जानकारी देते हैं यह जनांदोलन ही होगा हम कांग्रेस को जानकारी देते हैं इस जनांदोलन को जनता ही चलाएगी कांग्रेस का यह जनांदोलन उ.प्र. के सम्भल कलेक्ट्रेट से शुरू होगा और इसका समापन दिल्ली में होगा किसान कांग्रेस सम्भल इस जनांदोलन में कांग्रेस का नहीं जनता का ही सहयोग लेगा और जनता से ही पैसा लगा।



दोस्तो हम उ.प्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता हैं उ.प्र. देश का सबसे बड़ा प्रदेश हैं 80 लोकसभा की सीटें हैं उसके बाद बिहार फिर बंगाल इन प्रदेशों में भी 80 सीटों के बराबर हैं लेकिन इन प्रदेशों में हम ( कांग्रेस ) कहाँ हैं हम ( कांग्रेस ) क्या कर रहे हैं।

दोस्तो अब तो हमें अपने ऊपर सोचना पड़ रहा है उ.प्र. में विधानसभा चुनाब हुए एक एक विधानसभा में 1000 2000 या फिर 3000 के आस पास ही बोट मिले उसके बाद निकाय चुनाव हुए निकाय चुनावों में तो इससे भी बुरा हाल हुआ।

दोस्तो कायदे में तो सभी को उ.प्र. प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष सभी प्रांतीय अध्यक्ष, सभी जिला प्रभारी और सभी जिलाध्यक्षों को तुरन्त ही नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र दे देना चाहिए लेकिन यह तैयारी कर रहे हैं लोकसभा चुनावों की।

दोस्तो यही हाल बिहार और बंगाल का है इनके साथ ही अभी देश के अनेक प्रदेश ऐसे हैं जहां कांग्रेस का यही हाल है

दोस्तो अब किसान कांग्रेस सम्भल देश में कांग्रेस को इस प्रकार से खड़ा करेगा कि पहले आजादी के बाद लगभग 50 वर्षों तक देश में कांग्रेस का शासन रहा इस बार कम से कम 500 वर्षों तक कांग्रेस का शासन रहे

दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल कोई संगठन नहीं है यह देश की जनता है और इस जनांदोलन के बाद कांग्रेस को देश की जनता ही देखेगी।

दोस्तो इस बार लोकसभा चुनावों में इखढ, फ्रर की केबल दो सीट ही मिलेंगी और उन दो सीटों का फैसला भी हम ही करेंगे।

दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल कांग्रेस के जिस आंदोलन की बात कर रहा है यह आंदोलन उ.प्र. के सम्भल कलेक्ट्रेट से शुरू होगा और समापन दिल्ली में होगा।

दोस्तो हम अपने उन सभी साथियों से आग्रह करते हैं जिनके पास यह सन्देश पहुंचे सभी साथी इस सन्देश को देश में ज्यादा से ज्यादा फैलाएं

धन्यवाद
आपका अपना विनोद साथी
जिलाध्यक्ष
किसान कांग्रेस सम्भल उ.प्र.
8791674785 9720026990 ६
जय हिंद जय भारत जय कांग्रेस

# बाल सेवा दल के बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने से जिला कांग्रेस को मिली नई ऊर्जा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के तिरहुत प्रमंडल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन आज मोतिहारी स्थित लक्ष्मी नारायण दुबे दी महाकाल विद्यालय में संपन्न हुआ प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इंजीनियर शशि भूषण ने कहा कि सेवादल ही कांग्रेस पार्टी की लीड बिना सेवादल के हम कांग्रेस पार्टी के संगठन के चर्चा नहीं कर सकते हैं और ना ही उनके बारे में सोच सकते हैं। सेवा दल के पदाधिकारी केंद्रीय कमेटी तथा पटना से आए हुए सभी सदस्यों का निर्णय शशिभूषण राय जी ने मोमेंटो और और वस्त्र किस देकर उन्हें सम्मानित किया जितने भी यही प्रमंडल के कांग्रेस जनों ने इस दिवसीय शिविर में भाग लिया था उन सभी को अंगवस्त्रम और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया सबसे खास बात यह रही कि बाल सेवा दल के 5 सदस्यों को भी सम्मानित किया गया गप्पू जी ने कहा कि हम बाल सेवा दल के सदस्यों को इसीलिए सम्मानित करते हैं ताकि आने वाली पीढ़ी आगे आने वाले लोग देखें और बालकों से भी उत्साहित होने की जरूरत है इतने छोटे-छोटे बच्चे भी जो भूख प्यास त्याग कर शिविर में अपना समय दिए उसके लिए सब को ढेर सारा आशीर्वाद और उनके उज्जवल भविष्य की हम कामना करते हैं साथ ही साथ परिवार के विवाहों का हम सम्मान करते हैं जो कम उम्र में भी अपने बच्चों को कांग्रेस के प्रति और देश के प्रति जागरूक कर रहे हैं
























# देश की बेटियों व पहलवानों के समर्थन में पंचायत

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण




देश की बेटियों व पहलवानों के समर्थन में आज पूर्व विधायक भीष्म शर्मा जी व प्रताप चौधरी जी की अध्यक्षता में घोंडा विधानसभा में एक भव्य पंचायत हुई। जिसमें पूर्व विधायक व उतराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव जी की अगुवाई में कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, चुनाव लड़े कई विधायक व निगम प्रत्याशी, किराड़ी जिला के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, अलग अलग गांव देहात से आए कई खाप पंचायतों के प्रधान, गांव के मौजूद व गणमान्य बुजुर्ग व नौजवान साथीऔर समस्त गांव देहात के पहलवानों, कोच व खिलाड़ियों ने शामिल होकर पंचायत को सफल बनाया व दो महत्वपूर्ण मांग रखी

1. आरोपी मंत्री बृजभूषण शरण को सख्त से सख्त सजा हो।

2. खिलाड़ियों पर लगाए सभी केस वापस लिए जाएं।

पंचायत में आने पर आप सभी का हार्दिक धन्यवाद

सुरेंद्र कुमार

पूर्व विधायक बवाना




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

आवश्यक सूचना

प्रिय परिहार कांग्रेस के साथी

बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरनीय डॉ॰अखिलेश प्रसाद सिंह के आदेश अनुसार जिला कांग्रेस सीतामढ़ी अध्यक्ष श्री कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर दिनांक 15 जून 2023 को 11 बजे दिन में प्रखंड मुख्यालय परिहार पर महागठबंधन के साथियों के साथ भाजपा सरकार की 09 साल की तबाही, बर्बादी के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर प्रखंड मुख्यालय परिहार पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

आप सभी पंचायत अध्यक्षगण, प्रखंड कांग्रेस के पदाधिकारी अपने सयोगियों एवं महागठबंधन के साथियों के साथ समन्वय बनाकर प्रखंड में धरना प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु अधिक संख्या में भाग लेने की कृपा करेंगे !

भवदीय

एम आई आदिल

अध्यक्ष

प्रखंड कांग्रेस कमेटी परिहार



**राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी को 76वां जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाईयां! ईश्वर से आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूँ!**

# चीन को लाल आंख दिखाने का दावा करने वाली मोदी सरकार असल में क्या कर रही है, आइए हम आपको बताते हैं...

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

ेश का दुश्मन चीन मनबढ़ होता जा रहा है। अगर अब भी उसे मुंहतोड़ जवाब नहीं मिला तो देश का बड़ा नुकसान हो जाएगा। बीते कुछ दिनों से चीन उत्तराखंड की सीमा पर बहुत तेजी से अवैध निर्माण कर रहा है, मगर सरकार कायरतापूर्ण चुप्पी साधे हुए है। जो प्रधानमंत्री किसी दौर में चीन को लाल आंख दिखाने की बात करते थे, वो आज बिल्कुल खामोश हैं। चीन के इस दुस्साहस पर प्रधानमंत्री की चुप्पी कब खत्म होगी, देश इसी का इंतजार कर रहा है।

ट्ट चीन पर प्रधानमंत्री से लेकर रक्षा मंत्री तक की उदासीनता न केवल निराशाजनक है बल्कि देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुचांने वाली और जवानों के शहादत का अपमान करने वाली है। ऐसा लगता है कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सरकार के पास चीन से निपटने के लिए कोई रणनीति ही नहीं है। चीन हमारे क्षेत्रों में घुसकर अवैध गांव बसा लेता है। हमारे जवानों को पट्रोलिंग करने से मना करता है। चीन को सबक सिखाने की जगह 'न कोई हमारी सीमा में घुसा, न ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के कब्जे में है' कहकर मोदी जी चीन को क्लीनचीट दे देते हैं।




ट्ट बीते दिनों चीन ने अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों का नाम बदल दिया, साथ ही यहां दो-दो गांव भी बसा दिए। इस पर चीन को सबक सिखाने की जगह सरकार झूठ बोलकर देश को ही गुमराह करती रही। गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे, 'भारत की सुई की नोक जितनी जमीन भी कोई नहीं ले सकता।' चीन से समझौते के एवज में मोदी सरकार को कई भारतीय क्षेत्रों को बफर जोन बनाने पर मजबूर होना पड़ा। गलवान, पैंगोंग त्सो, गोगरा पोस्ट और हॉट स्प्रिंग्स समेत कई क्षेत्र इसके उदाहरण हैं। तीन साल से अधिक समय से डेप्सांग के मैदानों में भारतीय सेना को पट्रोलिंग करने से रोक दिया गया है। भारतीय सेना को डेप्सांग में वापस पट्रोलिंग करने का अधिकार कब मिलेगा, इसका कुछ नहीं पता। इसके अलावा चीन ने तवांग (अरुणाचल प्रदेश) में भी कब्जा करने का प्रयास किया गया था। कुछ दिन पहले की ही बात है जब लद्दाख में चीन के पुल बनाने की खबर भी आई थी।

ट्ट जब चीन हमारी वास्तविक सीमा में काफी भीतर तक पहले ही घुसपैठ कर चुका है। ऐसे में उत्तराखंड में चीन की हरकतें चिंताजनक हैं। यहां एलएसी पर चीन सैन्य ढांचों का निर्माण कर रहा है जो कि भारत के लिए एक गंभीर खतरा साबित हो सकता है। ये चीन को लाल आंख दिखाने का सही समय है। हालांकि पीएम मोदी ऐसा करेंगे, इसकी उम्मीद कम ही है। वैसे भी झूठ के दम पर सत्ता तक पहुंचने वाली सरकार के लिए न तो देश की छवि मायने रखती है, न ही भारत की संप्रभुता।

→ 'लाल आंख दिखाकर जवाब देने' का वादा कर 'लाल शर्ट पहनकर' चीन का स्वागत करने वालों से देश और देशवासियों की सुरक्षा की उम्मीद करना ही बेकार है। जो सरकार गलवान में शहीद हुए जवानों की शहादत को अपमानित करती है। उस सरकार को इस देश की स्वाभिमानी जनता अब और बर्दाश्त नहीं करेगी।

# सरकार की बर्बरता एवं तानाशाही नीतियों से जनता में भारी आक्रोश : एडवोकेट मनोज गोहाना



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

प्रदेश महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना हल्के के गांव हसनगढ़ में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी की चिट्ठी सभी उपस्थित साथियों को दी। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

मनोज गोहाना ने कहा शाहाबाद में सूरजमुखी की फसल पर एम एस पी देने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे किसानों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की।

उन्होंने कहा कि सरकार किसान होने के दावे करती नही थकती। यहां तक कि हरियाणा में पूरे देश से अधिक फसलों की एम एस पी पर खरीदने का ढिंढोरा पीट रही है सरकार द्वारा सूरजमुखी का एम एस पी 6400 रुपए क्विंटल तक किया है लेकिन मंडी में किसानों की सूरजमुखी की फसल 4000 और 4200 रुपए क्विंटल के हिसाब से खरीदी जा रही।

इस मौके पर राजा सरपंच, नरेंद्र, अरुण गोयल, अजय, शुभम, साहिल, गौरव, अंकित, सौरभ, कुलदीप, नन्हा राहुल, आदि मौजूद रहे ।

# बेगूसराय में जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सारजन की अध्यक्षता में प्रखंड अध्यक्षों की महतवपूर्ण बैठक



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

काँग्रेस भवन बेगूसराय में जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सारजन की अध्यक्षता में प्रखंड अध्यक्षों की महतवपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

सभी उपस्थित प्रखंड अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए सारजन ने कहा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के दिशा निर्देशन में आपको प्रत्येक जिला परिषद क्षेत्र से एक-एक मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति एवम कारगर प्रखंड कमिटी के साथ-साथ पंचायत शाखा का विधिवत गठन 15 दिनों के अंदर करना है।

बनी हुई सूची जिला कांग्रेस कमिटी से स्वीकृति के बाद मूर्त्त रूप में आएगी।

15 जून 2023 के महागठबंधन द्वारा आहूत प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ लग जाना है।

बैठक को नगर अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, मटिहानी अध्यक्ष रामानुज कुँवर, बेगूसराय देहात के अध्यक्ष विजय कुमार, बलिया अध्यक्ष राकेश कुमार, तेघड़ा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, साहेबपुर कमाल अध्यक्ष रेणु देवी जी ने पूरे गर्मजोशी के साथ सम्बोधित किया।

प्रखंड अध्यक्षों के अलावे बरिष्ठ काँग्रेसी नेता रामविलास सिंह, शशिशेखर राय, लखन पासवान, सुबोध कुमार, विक्रम कुमार ने भी सम्बोधित किया

इस आशय की जानकारी रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव ने दी।

बेहद शानदार और ऐतिहासिक! भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार जूनियर एशिया कप जीतकर इतिहास रचा है। पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। देश को आप सभी पर बेहद गर्व है।

चक दे इंडिया!


-श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा






पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता राजेश पायलट जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

जीवनभर किसानों की आवाज़ बुलंद करने और वायुसेना के जरिए देश की सेवा करने वाले राजेश पायलट जी के गाँव-गरीब के प्रति विचार आज भी प्रेरणास्रोत हैं।




स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल जी की जयंती पर कोटिशः नमन।

शायर, लेखक और आज़ादी के दीवाने बिस्मिल ने अपनी लेखनी के माध्यम से सभी देशभक्तों को एकजुट किया एवं देशवासियों के दिलों में क्रांति का संचार किया।